# मध्यप्रदेश समसामयिकी

## 20th November 2024

### नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1989 बैच के IAS अधिकारी **K संजय मूर्ति** को भारत का नया **नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG)** नियुक्त किया।



**मुख्य बिंदु**

- आंध्र प्रदेश कैडर के **K संजय मूर्ति** वर्तमान में **केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव** हैं।
- **K संजय मूर्ति वर्तमान नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लेंगे, जिन्होंने 8 अगस्त, 2020 को पदभार ग्रहण किया था।**
- CAG बनने से पहले **गिरीश चंद्र मुर्मू** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले उपराज्यपाल थे।
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को **रेलवे, रक्षा, भारतीय डाक और दूरसंचार सहित सभी संघ और राज्य सरकार के विभागों का लेखा-परीक्षण** करने का अधिकार है।

**नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के संदर्भ में**

- **अनुच्छेद 148 -** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के एक स्वतंत्र कार्यालय का प्रावधान करता है।
- CAG भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग का प्रमुख है।
- **CAG "लोक वित्त का संरक्षक"** है।
- भारत के एक नियंत्रक-महालेखापरीक्षक को, राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा नियुक्त करता हैं और उसे उसी रीति से और उसी आधार पर पद से हटाया जाएगा, जिस पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है।
- **6 वर्ष या 65 वर्ष,** जो भी पहले हो, की अवधि के लिए पद धारण करता है।
- **अनुच्छेद 149** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के **कर्तव्यों और शक्तियों** की चर्चा करता है।

### देश का 56वां टाइगर रिजर्व

**गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व** देश में अधिसूचित होने वाला **56वां टाइगर रिजर्व** बन गया है।




**मुख्य बिंदु**

- इस अधिसूचना के साथ, **छत्तीसगढ़ में अब चार टाइगर रिजर्व** हो गए हैं।
- कुल 2829.38 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस बाघ अभयारण्य में 2049.2 वर्ग किलोमीटर का महत्वपूर्ण बाघ आवास शामिल है, जिसमें **गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और तमोर पिंगला वन्यजीव अभयारण्य** शामिल हैं, तथा इसका बफ़र क्षेत्र 780.15 वर्ग किलोमीटर है।
- यह आंध्र प्रदेश में **नागार्जुनसागर-श्रीशैलम टाइगर रिजर्व** और असम में **मानस टाइगर रिजर्व** के बाद देश का **तीसरा सबसे बड़ा बाघ रिजर्व** बन गया है।
- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण द्वारा गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व से 365 अकशेरुकी और 388 कशेरुकी सहित कुल 753 प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया गया है।

**मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व**

- कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान
- पेंच राष्ट्रीय उद्यान,
- बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान
- पन्ना राष्ट्रीय उद्यान,
- सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान
- संजय दुबरी राष्ट्रीय उद्यान,
- रानी दुर्गावती राष्ट्रीय उद्यान

2022 की नवीनतम बाघ जनगणना से पता चलता है कि **भारत में 3,682 बाघ और मध्य प्रदेश में 785 बाघ हैं।**

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

## भारत की पहली डायरेक्ट-टू डिवाइस (D2D) सैटेलाइट कनेक्टिविटी

**सरकारी दूरसंचार प्रदाता BSNL ने** भारत की **पहली डायरेक्ट-टू-डिवाइस सैटेलाइट इंटरनेट सेवा** शुरू की है, जिसका **उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करना** है।




### मुख्य बिंदु

- यह सेवा **अमेरिका स्थित संचार कंपनी वियासैट (Viasat)** के सहयोग से शुरू की गई।
- भारतीय मोबाइल कांग्रेस (IMC) 2024 में इसकी घोषणा की गई और दूरसंचार विभाग (DOT) द्वारा इसकी सूचना दी गई।
- डायरेक्ट-टू-डिवाइस सैटेलाइट प्रौद्योगिकी एक कनेक्टिविटी समाधान है जो उपकरणों को **पारंपरिक जमीन-आधारित सेलुलर टावरों** को दरकिनार करते हुए **कक्षा में उपग्रहों के साथ सीधे संचार करने की अनुमति देता है।**
- यह तकनीक उन क्षेत्रों में नेटवर्क कवरेज प्रदान करती है जहां **सेलुलर या वाई-फाई नेटवर्क अनुपलब्ध** हैं, जिससे दूरदराज या कम सेवा वाले क्षेत्रों में कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है।

**डायरेक्ट-टू-डिवाइस सैटेलाइट प्रौद्योगिकी के वैश्विक उदाहरण**

- **स्पेसएक्स का स्टारलिंक:** इसका लक्ष्य डायरेक्ट-टू-सेल क्षमताओं सहित वैश्विक उपग्रह इंटरनेट कवरेज प्रदान करना है।
- **AST स्पेसमोबाइल:** मानक मोबाइल फोन से सीधे कनेक्शन के लिए उपग्रह-आधारित सेलुलर नेटवर्क विकसित करना।
- **लिंक (Lynk) ग्लोबल:** आपातकालीन और दूरदराज के क्षेत्रों के लिए डायरेक्ट-टू-फ़ोन उपग्रह संचार पर ध्यान केंद्रित करता है।

## 'हमारा शौचालय: हमारा सम्मान'

**केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय** ने **19 नवंबर को विश्व शौचालय दिवस** के अवसर पर **'हमारा शौचालय: हमारा सम्मान'** नामक **तीन सप्ताह का** अभियान शुरू किया।




### मुख्य बिंदु

- इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता संबंधी बुनियादी ढांचे में सुधार लाना, व्यवहार में बदलाव लाना तथा देश भर में शौचालयों की कार्यक्षमता और रखरखाव बढ़ाकर सामुदायिक गौरव को मजबूत करना है।
- अभियान के दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा और नागरिकों को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से अपनी स्वच्छता सफलता की कहानियां साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

## सुखना झील

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने हरियाणा की ओर **सुखना वन्यजीव अभयारण्य** के आसपास 1 किमी से 2.035 किमी तक का **"पारिस्थितिक संवेदनशील क्षेत्र"** अधिसूचित किया है।



## मुख्य बिंदु

- सुखना झील, चंडीगढ़ में स्थित एक कृत्रिम झील है, जिसका **निर्माण 1958 में शिवालिक पहाड़ियों** से सुखना चोई धारा पर बांध बनाकर किया गया था।
- यह झील लगभग 3 वर्ग किमी में फैली हुई है, 1.52 किमी लंबी और 1.49 किमी चौड़ी है, और इसे राष्ट्रीय आर्द्रभूमि के रूप में मान्यता प्राप्त है।
- झील के आसपास का वातावरण खड़ी ढलानों और मुख्यतः रेतीली मिट्टी के साथ चिकनी मिट्टी की परतों से घिरा हुआ है। यह मिट्टी बारिश के दौरान कटाव के लिए संवेदनशील बन जाती है, जिससे झील में गाद से भरे पानी का बहाव होता है।
- इसके निकट **सुखना वन्यजीव अभयारण्य** है जो लगभग 26 वर्ग किलोमीटर में फैला है, तथा यह अभयारण्य समृद्ध पक्षी-जीवों, अन्य जीव-जंतुओं और सरीसृपों की कुछ प्रजातियों से भरा पड़ा है।

## लघु समाचार

- पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर कप्तान **मिताली राज** को **आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (ACA)** द्वारा **महिला क्रिकेट संचालन का मेंटर नियुक्त** किया गया है।
- **ओडिशा ने 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर नेशनल चैंपियनशिप** में चेन्नई के SDAT-मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में आयोजित फाइनल में दो बार के चैंपियन हरियाणा को 5-1 से हराकर उल्लेखनीय जीत हासिल की।
- **गैबॉन के मतदाताओं ने देश के सैन्य शासकों** द्वारा प्रस्तावित **नए संविधान को 91.8 प्रतिशत** बहुमत से अनुमति प्रदान की है।
- **केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान** ने 19 नवंबर को पूसा नई दिल्ली में आयोजित **वैश्विक मृदा सम्मेलन 2024** को संबोधित किया।
- आशुतोष गोवारिकर को **55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) 2024** में **अंतर्राष्ट्रीय जूरी का अध्यक्ष** नियुक्त किया गया है।
- प्रभावशाली अमेरिकी **फॉर्च्यून पत्रिका** में भारत के **मुकेश अंबानी 12वें स्थान** पर हैं।
- जापानी शाही परिवार की सबसे बुजुर्ग सदस्य **राजकुमारी मिकासा का 101 वर्ष** की आयु में निधन हो गया है।

## दैनिक करेंट अफेयर्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न

**1. निम्नलिखित में से किसे भारत का नया नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है?**

A. के संजय मूर्ति
B. गिरीश चंद्र मुर्मू
C. गणेश चतुर्वेदी
D. अमिताभ कांत

**उत्तर -A**

**2. निम्नलिखित में से कौन सा टाइगर रिजर्व भारत का 56वां टाइगर रिजर्व बन गया?**

A. नागार्जुन सागर-श्रीशैलम टाइगर रिजर्व
B. असम में मानस टाइगर रिजर्व
C. मध्य प्रदेश में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व
D. गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व

**उत्तर-D**

❍❍❍❍